
# 'प्रत्येक प्रगणक एवं पर्यवेक्षक अपने कार्य को पूर्ण ईमानदारी के साथ संपादित करें'



बीकानेर में राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में जनगणना प्रथम चरण के चतुर्थ बैच के प्रशिक्षण को निगम आयुक्त सिद्धार्थ पलानिचामी ने संबोधित किया।

- प्रशिक्षण में ट्रेनर्स द्वारा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना कार्य की प्रक्रियाओं, तकनीकी पहलुओं, फील्ड सर्वेक्षण, आंकड़ों के संकलन तथा निर्धारित प्रपत्रों के सही उपयोग संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई

**बीकानेर, (कासं)।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत 16 मई से 14 जून तक चलने वाले मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य हेतु नगर निगम के प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के चतुर्थ बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को हुआ।

राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण के अंतिम दिन नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पलानिचामी एवं उपायुक्त यशपाल आहूजा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए प्रतिभागियों से संवाद किया तथा जनगणना कार्य को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर आयुक्त सिद्धार्थ ने कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके आंकड़े भविष्य की योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए प्रत्येक प्रगणक एवं पर्यवेक्षक का दायित्व है कि वह अपने कार्य को पूर्ण ईमानदारी एवं समर्पण के साथ संपादित करें। अधिकारियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्था एवं प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना भी की। निगम आयुक्त सिद्धार्थ पलानिचामी ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना कार्य की प्रक्रियाओं, तकनीकी पहलुओं, फील्ड सर्वेक्षण, आंकड़ों के संकलन तथा निर्धारित प्रपत्रों के सही उपयोग संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को जनगणना कार्य की संवेदनशीलता, शुद्धता एवं समयबद्धता के महत्व से भी अवगत कराया गया। अब पांचवें बैच के प्रशिक्षण का आयोजन 11 से 13 मई तक किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान बीकानेर के मास्टर ट्रेनर डॉ. वाई. बी. माथुर एवं डॉ. विपिन सैनी भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने प्रतिभागियों को जनगणना कार्य के विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी देते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों ने सेवा भाव, निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ जनगणना कार्य संपादित करने की शपथ ग्रहण की।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जा रही है। प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य वर्ष 2026-27 में संपादित किया जायेगा। जबकि द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना का कार्य निर्धारित कार्यक्रमानुसार वर्ष 2027 में किया जायेगा। जनगणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़े केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, आधारभूत संरचना विकास तथा नीति निर्माण में महत्वपूर्ण आधार के रूप में उपयोग किए जायेंगे।

## आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ

**देशनोक, (कासं)।** राजकीय महाविद्यालय देशनोक में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। यहां रानी लक्ष्मीबाई केन्द्र का शुभारंभ किया गया है, जिसके तहत महिलाओं और बालिकाओं को शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 24 दिवसीय निशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जायेगा।

महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. शर्मिला पूनिया ने बताया कि इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए कॉलेज में अध्ययनरत होना अनिवार्य नहीं है। कस्बे की किसी भी स्कूल या कॉलेज की छात्राएं तथा अन्य महिलाएं भी इसमें शामिल हो सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशिक्षण शिविर में विशेषज्ञों द्वारा पंच, किक, ब्लॉक जैसी आत्मरक्षा तकनीकें सिखाई जायेगी। इसके साथ ही आपात स्थिति में त्वरित निर्णय लेने और सुरक्षा उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया जायेगा।

प्रशिक्षण शिविर की एक खास विशेषता यह है कि प्रतिभागियों को प्रतिदिन पौष्टिक नाश्ता उपलब्ध करवाया जायेगा। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर महाविद्यालय की ओर से आधिकारिक प्रमाण-पत्र भी प्रदान किय जायेगा।

## सार-समाचार

### बच्चों ने चरण धो किया मातृ सम्मान



सुपर किड्स प्रिपरेटरी में बच्चों ने चरण धोकर मातृ सम्मान किया।

**बीकानेर, (कासं)।** स्थानीय सुपर किड्स प्रिपरेटरी में मदर्स डे बड़े ही उत्साह, प्रेम एवं भावनात्मक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे-मुन्हें बच्चों द्वारा अपनी माताओं का पारंपरिक भारतीय संस्कृति के अनुरूप स्वागत करने के साथ हुई। बच्चों ने माताओं को तिलक लगाकर, चरण धोकर एवं माथा टेककर सम्मान व्यक्त किया, जिसे देखकर उपस्थित सभी अभिभावक भाव-विभोर हो उठे। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी माताओं के लिए स्वयं अपने हाथों से आकर्षक कार्ड तैयार किए तथा उनकी कलाई में मदर्स डे ब्रेसलेट पहनाकर अपने प्रेम और सम्मान का प्रदर्शन किया। इसके पश्चात बच्चों ने कविता, नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मातृत्व के प्रति अपनी भावनाएँ व्यक्त कीं। नन्हे कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया।कार्यक्रम के दौरान माताओं के लिए मनोरंजक एवं रोचक खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। विजेता माताओं को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। अंत में केक कटिंग एवं मस्तीभरे गतिविधियों के साथ मदर्स डे उत्सव हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सभी माताओं ने सुपर किडस प्रीपेटरी परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान में इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं रचनात्मक आयोजनों से बच्चों में संस्कार, आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता का विकास हो रहा है। माताओं ने प्रिपरेटरी की डायरेक्टर सुप्रिया राखेचा एवं समस्त शिक्षिकाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता का सुंदर उदाहरण बनकर यादगार रहा।

### सम्मेलन के ब्रोशर का विमोचन



वेटरनरी एक्सटेंशन के राष्ट्रीय सम्मेलन के ब्रोशर का विमोचन कुलगुरू डॉ. सुमंत व्यास ने किया।

**बीकानेर, (कासं)।** वेटरनरी विश्वविधालय बीकानेर के संघटक वेटरनरी महाविधालय, नवानियां (उदयपुर) में वेटरनरी एक्सटेंशन विभाग द्वारा सोसायटी फॉर वेटरनरी एक्सटेंशन का 11वां राष्ट्रीय सम्मेलन 'पशुधन क्षेत्र की उभरती चुनौतियों के समाधान हेतु पशुचिकित्सा एवं पशुपालन प्रसार सेवाओं का पुनर्विन्यास' थीम पर 10 एवं 11 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा। इस राष्ट्रीय सम्मेलन की ब्रोशर का विमोचन वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास एवं विश्वविद्यालय की एक्सटेंशन काउंसिल के सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर संकायाध्यक्ष प्रो. बी.एन. श्रृंगी, कुलसचिव पंकज शर्मा, वित्त नियंत्रक विनोद कुमार यादव, निदेशक प्रसार शिक्षा प्रो. राजेश धूड़िया तथा वेटरनरी महाविद्यालय नवानियां (उदयपुर) के अधिष्ठाता एवं आयोजन समिति अध्यक्ष प्रो. शिव कुमार शर्मा उपस्थित रहे। आयोजन समिति अध्यक्ष प्रो. शिव कुमार शर्मा ने बताया कि यह दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी पशुचिकित्सा प्रसार शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी ज्ञान, व्यावसायिक अनुभवों एवं नवाचारों के आदान-प्रदान का प्रभावी मंच सिद्ध होगी। सम्मेलन में देशभर के लगभग 250 पशुचिकित्सा शिक्षाविद, प्रसार शिक्षा विशेषज्ञ, पशु चिकित्सक, शोधार्थी, विधार्थी, उधमी एवं प्रगतिशील पशुपालक भाग लेंगे।

### 67 पव्वों सहित गिरफ्तार

**नापासर, (कासं)।** पुलिस ने भारतमाला रोड स्थित रेस्ट एरिया में कार्रवाई करते हुए युवक को अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बुधवार रात की गई, जहां पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 67 पव्वे देशी शराब बरामद की। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। बता दे कि नापासर थाना पुलिस की टीम बुधवार रात गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि भारतमाला रोड पर होटल की पार्किंग के पास युवक सफेद कट्टा लेकर खड़ा है और शराब बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवक से पूछताछ की। तलाशी लेने पर उसके पास रखे कट्टे में देशी शराब के पव्वे मिले। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान भूराराम के रूप में हुई है। आरोपी के पास शराब रखने का कोई वैध लाइसेंस या परमिट नहीं मिला। पुलिस ने मौके पर वीडियोग्राफी भी कराई। कुल 67 पव्वे देशी शराब जब्त किए गए, जिनमें से एक पव्वे को सैंपल के तौर पर सुरक्षित रखा गया है। नापासर पुलिस ने आरोपी भूराराम के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में एएसआई गोकुल चंद मीणा के साथ कांस्टेबल प्रदीप कुमार और वीरेंद्र सिंह भी शामिल थे।

# सी.ई.ओ. ने बामनवाली में विकास कार्यों का किया निरीक्षण



जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलजा पांडे ने बामनवाली में पंचायत भवन, पुस्तकालय का निरीक्षण किया।

**बीकानेर, (कासं)।** जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलजा पांडे ने शुक्रवार को बामनवाली ग्राम पंचायत क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न विकास एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायत भवन, मनरेगा एवं एसएफसी मद से विकसित सार्वजनिक पार्क, प्रकाश व्यवस्था, विद्यालय पुस्तकालय तथा ओपन जिम का अवलोकन किया। ग्रामीणों से संवाद करते हुए योजनाओं की उपयोगिता एवं व्यवस्थाओं संबंधी फीडबैक लिया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी योजना के तहत स्वीकृत कन्वेंशन हॉल एवं मॉर्डन लाइब्रेरी का निरीक्षण किया।

मॉर्डन लाइब्रेरी में उपस्थित बेटियों से संवाद करते हुए उन्होंने शिक्षा, पुस्तक पठन एवं डिजिटल संसाधनों के महत्व पर चर्चा की तथा छात्राओं को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। राजकीय महाविद्यालय में डीएमएफटी के तहत स्वीकृत हॉल का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने श्यामाप्रसाद मुखर्जी योजना के अंतर्गत विकसित हो रहे भगत सिंह स्टेडियम के कार्यों का जायजा लिया। विधायक निधि से निर्मित सार्वजनिक बस स्टैंड का भी निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। दौरे के दौरान उन्होंने क्षेत्र की विश्व प्रसिद्ध खारे पानी की झील का निरीक्षण कर उसके संरक्षण एवं पर्यटन संभावनाओं पर भी चर्चा की।

पंचायत समिति सभागार में आयोजित बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में विकास अधिकारी किशोर कुमार, सहायक अभियंता जगदीश चौधरी, पूर्व प्रधान कानाराम गोदारा, उमाशंकर सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सूने मकान से लाखों की चोरी

**बीकानेर, (कासं)।** मुक्ताप्रसाद नगर थाना क्षेत्र में सूने मकान से चोर लाखों रूपए चोरी करके ले गए।

पुलिस के अनुसार कांता खतुरिया कॉलोनी निवासी पूनम सिंह सोढ़ा ने मुक्ता प्रसाद नगर थाने में चोरी का मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया गया कि 5 मई को सेक्टर-11 स्थित उनके मकान में चोर घुस गए। बदमाश घर में रखे करीब 100 तोला चांदी के जेवरात और 25 हजार रूपए नकद चोरी कर ले गए।

परिवार के मुताबिक चोरी हुए सामान में पैरों के कड़े, पायल, बिसरी समेत अन्य चांदी के आभूषण शामिल हैं। वारदात का पता उस समय चला जब घर के लोगां ने सामान बिखरा हुआ देखा। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों तक पहुंचा जा सके। साथ ही आसपास के संदिग्ध लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच एसआई रतनाराम को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# हिस्ट्रीशीटर के अवैध पानी कारोबार पर शिकंजा

- पाइपलाइन में अवैध कनेक्शन कर टैंकरों के जरिए पानी बेचकर कमाई कर रहा था
- पुलिस-पीएचईडी की संयुक्त टीम ने लाइन काटी

**बीकानेर, (कासं)।** पुलिस अब सिर्फ अपराधियों को गिरफ्तार करने तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि उनकी अवैध कमाई के नेटवर्क को भी खत्म करने की रणनीति पर काम कर रही है। इसी अभियान के तहत शुक्रवार को पुलिस ने जिले के एक हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उसके अवैध पानी कारोबार पर शिकंजा कसा।

पुलिस ने 34 मुकदमों में नामजद हिस्ट्रीशीटर प्रदीप कुमार नगरासर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी के पास चल रहे उसके अवैध पानी सप्लाई नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया। आरोपी ने यहां से गुजर रही पाइपलाइन में अवैध कनेक्शन कर रखा था और टैंकरों के जरिए पानी बेचकर कमाई कर रहा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस और पीएचईडी की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। जेसीबी मशीन की मदद से खुदाई कर अवैध पाइपलाइन को काटा गया।

इस दौरान मौके पर भारी पुलिस जाब्ता तैनात रहा, जिससे इलाके में काफी हलचल रही। कार्रवाई को देखने के लिए आसपास लोगों की भीड़ भी जुट गई। मौके पर पीएचईडी के एईएन योगेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने पूरे नेटवर्क की जांच कर अवैध कनेक्शन हटाने की प्रक्रिया पूरी की। सीओ सिटी अनुज डाल ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अब पुलिस की रणनीति सिर्फ अपराधियों को जेल भेजने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके गैरकानूनी धंधों और अवैध आय के स्रोतों को भी खत्म किया जाएगा। पुलिस ऐसे लोगों की संपत्तियों और अवैध कारोबार की जानकारी जुटाकर लगातार कार्रवाई कर रही है। पूरी कार्रवाई एसपी मृदुल कच्छावा के निर्देशन में की गई।

# स्पॉ सेंटर और कैफे की आड़ में अनैतिक काम

- चार माह में 50 से ज्यादा युवक-युवतियां गिरफ्तार

**बीकानेर, (कासं)।** शहर में स्पॉ सेंटर और कैफे की आड़ में अनैतिक काम का खेल चल रहा है। कोटगेट थाना क्षेत्र में 4 माह में 13 ठिकानों पर दबिश देकर 50 से ज्यादा युवक-युवतियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

शहर में कोटगेट, कोतवाली, व्यास कॉलोनी, गंगाशहर पुलिस थानों में जगह-जगह स्पॉ सेंटर और कैफे संचालित किए जा रहे हैं। इनमें बाहर लगे स्पॉ, मसाज और कैफे के बोर्ड तो केवल नाम के हैं, अंदर युवतियों से अनैतिक काम कराया जाता है। पिछले तीन-चार सालों में इसका चलन बढ़ गया है।

दूसरे राज्यों और जिलों से युवतियों को यहां बुलाकर इस काम में लगाया जा रहा है। पिछले दिनों पुलिस ने कोटगेट थाना इलाकों में स्पॉ और कैफे के ठिकानों पर लगातार कार्रवाई की तो चौंकाने वाले दृश्य सामने आए। इन जगह पर अंदर गुप्त केबिन और बेड लगे रूम बने हैं जिन्हें ढूंढ़ पाना मुश्किल होता है। दरवाजे इस तरह डिजाइन किए होते हैं कि दीवार की तरह लगते हैं। बाहर कैमरे भी लगा रखे हैं जिससे पुलिस की गतिविधियों की जानकारी मिल सके। कोटगेट पुलिस ने जनवरी से अब तक रानीबाजार, माडर्न मार्केट, माल गोदाम रोड, केजी कॉम्प्लेक्स के पास सहित स्पॉ, कैफे के 13 ठिकानों पर दी जहां अनैतिक काम मिला। पुलिस ने इन ठिकानों पर मौके से 50 से ज्यादा युवक-युवतियों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया।

## रेडक्रॉस सेवाओं पर की चर्चा

**बीकानेर, (कासं)।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर शुक्रवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी बीकानेर के तत्वावधान में राजकीय टी.बी क्लीनिक सभागार में रोग नियंत्रण एवं रोकथाम में चिकित्सक, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कार्मिकों एवं विद्यार्थियों की भूमिका' विषय पर जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस दौरान मानव सेवा, आपदा राहत और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में स्थानीय स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय पटल तक रेडक्रॉस के योगदान पर चर्चा गई।

पीबीएम अस्पताल अधीक्षक डॉ. बी.सी. घीया ने दीप प्रज्जवलन के साथ इसकी शुरूआत की। रेडक्रॉस के मानवीय कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि आज के दौर में आपदा प्रबंधन, रक्तदान और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे क्षेत्रों में यह संगठन अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# शहरी क्षेत्र को बरसाती पानी के ठहराव से मिलेगी मुक्ति

- जिला कलेक्टर के निर्देश पर निगम आयुक्त ने किया मौका मुआयना, 59.10 करोड़ मंजूर

**बीकानेर, (कासं)।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बरसाती पानी ठहराव के कारण होने वाली समस्या से आमजन को जल्द ही मुक्ति मिलेगी। इन कार्यों के लिए राज्य सरकार द्वारा 59.10 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्राप्त हो गई है तथा कार्यादेश जारी करते हुए विभिन्न स्थानों पर कार्य प्रारम्भ करवा दिए गए हैं।

नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पलनीचामी ने बताया कि शहरी क्षेत्र में बरसाती पानी का ठहराव बड़ी समस्या है। इससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके मद्देनजर राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के बजट में 100 करोड़ रुपए की लागत से कार्य करवाने की घोषणा की थी। जिसके पहले चरण में 59.10 करोड़ रुपए के कार्यों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला कलेक्टर द्वारा गत दिनों नगर निगम और बीकानेर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में इसकी समीक्षा की गई तथा उच्च स्तर पर इससे जुड़ा फीडबैक दिया गया। इसके बाद राज्य सरकार के आपदा नियंत्रण, राहत एवं नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा 59.10 करोड़ रूपए की राशि प्राप्त हो गई है तथा 6 मई को तीन स्थानों पर कार्य प्रारम्भ करवा दिया गया है।

निगम आयुक्त ने बताया कि इस राशि से वल्लभ गार्डन में 20 एमएलडी का सीवेज पंपिंग स्टेशन, सुजानदेसर में 12 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, खुदखुदा आश्रम जाने वाले नाले के स्थान पर नए नाले का निर्माण तथा शहर के प्रमुख नालों की सफाई से जुड़े कार्य करवाए जायेंगे। इनमें से सुजानदेसर में एसटीपी निर्माण तथा निगम कार्यालय एवं पीबीएम अस्पताल नाला सफाई का कार्य 6 मई को प्रारम्भ भी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी कार्य चरणबद्ध तरीके से किए जायेंगे तथा 18 महीनों में यह पूर्ण कर लिए जायेंगे। जिला कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पलानिचामी ने इन कार्यों का निरीक्षण किया तथा कार्यों को समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने के निर्देश दिए।

# थैलेसीमिया रोग से पीड़ित बच्चों व उनके अभिभावकों को बचाव की जानकारी दी



बीकानेर में विश्व थैलेसीमिया दिवस पर जागरूकता एवं जांच शिविर में रोगियों की जांच करते डॉ. श्याम अग्रवाल।

**बीकानेर, (कासं)।** विश्व थैलेसीमिया दिवस पर शुक्रवार को जस्सूसर गेट के बाहर डॉ. श्याम अग्रवाल बाल एवं शिशु रोग अस्पताल व अनुसंधान केन्द्र में निःशुल्क जागरूकता एवं जांच शिविर किया गया। शिविर में थैलेसीमिया रोग से पीड़ित बच्चों व उनके अभिभावकों को इस रोग के बचाव के संबंध में परामर्श दिया।

बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.श्याम अग्रवाल ने शिविर में बताया कि भारत में प्रतिवर्ष दस हजार से अधिक बच्चे थैलेसीमिया रोग से पीड़ित पैदा होते है। उन्हें पूरी जिन्दगी 15-20 दिन में खून चढ़ाना पड़ता है। रोग से पीड़ित बच्चों का अधिकतर समय अस्पताल में चिकित्सा में ही बीतता है। बच्चा व उनके अभिभावक मानसिक, शारीरिक व आर्थिक परेशानी का सामना करते है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि थैलेसीमिया बीमारी को शत प्रतिशत रोका जा सकता है। थैलेसीमिया किस्मत या पूर्व जन्मों के कर्मों की बीमारी नहीं बल्कि जानकारी की कमी की बीमारी है। अगर दो कैरियर आपस में शादी कर लें तो 25 प्रतिशत खतरा है कि बच्चा ज़िंदगी भर थैलेसीमिया से तड़पेगा। लेकिन अगर शादी या गर्भधारण से पहले एक जांच करा लें तो हम एक ही पीढ़ी में थैलेसीमिया खत्म कर सकते है। सरकारी व निजी अस्पतालों में थैलेसीमिया बीमारी के इलाज व परामर्श की पूर्ण सुविधा है। थैलेसीमिया रोग के बचाव के लिए अविवाहित युवक-युवती जीवन साथी को हां कहने से पहले, नव विवाहित दम्पति बच्चा प्लान करने से पहले, गर्भवती महिलाएं पहली तिमाही में खून की जांच करवावें तथा चिकित्सकों की सलाह से थैलेसीमिया के रोकथाम के लिए उचित परामर्श के साथ इलाज करवावें। मुख्य अतिथि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. वीणा तंवर ने बताया कि थैलेसीमिया का इलाज भारत के प्रमुख सरकारी और निजी अस्पतालों में उपलब्ध है, जिसमें ब्लड ट्रांसफ्यूजन, आयरन चेलेशन थेरेपी और अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण शामिल है। अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण इस बीमारी का एकमात्र स्थायी इलाज है।

## चलती स्कूटी में लगी आग

**बीकानेर, (कासं)।** शहर के रोशनी घर चौराहे पर शुक्रवार को चलती ओला इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में स्कूटी पूरी तरह आग की चपेट में आ गई।

स्कूटी सवार समय रहते नीचे उतर गया, जिससे वह सुरक्षित बच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने मशक्कत कर आग बुझाई। घटना के दौरान कुछ समय के लिए ट्रैफिक भी प्रभावित रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक स्कूटी रोशनी घर चौराहे से गुजर रही थी। इसी दौरान अचानक उसमें से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग फैल गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारण कुछ देर तक वहां ट्रैफिक की आवाजाही भी प्रभावित रही।

घटना के बाद एक बार फिर इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की बैटरी सुरक्षा को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। हाल के दिनों में तेज गर्मी के बीच इलेक्ट्रिक वाहनों में आग लगने की घटनाएं सामने आती रही हैं।

# वन्य जीवों के लिए पानी की व्यवस्था की

**अरजनसर, (निसं)।** यहां करीब 45 डिग्री तापमान और भीषण गर्मी के बीच क्षेत्र के युवाओं ने गौवंश और वन्य जीवों के लिए पानी की व्यवस्था का जिम्मा उठाने की पहल की है। जनसहयोग से प्रतिदिन रोही क्षेत्र में टंकियों के माध्यम से सैकड़ों गौवंश और वन्य जीवों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की जा रही है।

इन दिनों भीषण गर्मी के कारण रोही क्षेत्र के जोहड़ और तालाब पूरी तरह सूख चुके हैं। पानी के अभाव में वन्य जीव प्यास से बेहाल हो रहे हैं। हिरण, नीलगाय, गीदड़, ऊंट सहित कई वन्य जीव पानी की तलाश में आबादी क्षेत्र की ओर पहुंच जाते हैं, जहां उन्हें कुत्तों का खतरा बना रहता है। जैतपुर के सामाजिक कार्यकर्ता भजन यादव ने बताया कि पिछले कई सालों से गर्मी के चार महीनों के दौरान वन्य जीवों और गोवंश के लिए प्रतिदिन पानी की टैंकर व्यवस्था की जाती है।

उन्होंने बताया कि रोही क्षेत्र के जोहड़ों, तालाबों और प्लस्टिक ड्रमों में पानी भरकर जीवों की प्यास बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं चक जोहड़ के मालाराम खातडिया ने बताया कि फायरिंग रेंज और आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में आवारा पशु, गाय और ऊंट विचरण करते हैं, जो भीषण गर्मी में पानी के अभाव में दम तोड़ने की स्थिति में पहुंच जाते हैं। इधर सेना के जवान भी इस सेवा कार्य में सहयोगी बने हुए हैं। सेना के लिए पानी लेकर आने वाले टैंकरों से पशुओं और वन्य जीवों के लिए भी पानी की व्यवस्था की जा रही है। यह पहल देश सेवा के साथ जीवों के प्रति दया और संवेदनशीलता का संदेश दे रही है। चक जोहड़ के सामाजिक कार्यकर्ता रामाकिशन ओझा ने बताया कि फायरिंग रेंज क्षेत्र लंबा-चौड़ा इलाका है, जो सैकड़ों गौवंश तथा हजारों वन्य जीवों की शरणस्थली बना हुआ है। रामसर और फूलेजी सहित आसपास के ग्रामीण आपसी सहयोग से राशि एकत्र कर व्यवस्था की।